राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२६७८८७०
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईमेल : dsw@rgpv.ac.in
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA
(State Technological University of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 462033
Phone : 0755 - 2678870
Fax : 0755 - 2742006
Email : dsw@rgpv.ac.in
Website : www.rgpv.ac.in

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2026 / 745 भोपाल, दिनांक 08 / 09 / 2026

## // सूचना //

प्रति,

समस्त प्राचार्य / संचालक
विश्वविद्यालय से संबंद्ध इंजीनियरिंग / फार्मेसी
एम.सी.ए. / आर्किटेक्चर / पत्रोपाधि महाविद्यालय
मध्य प्रदेश

विषय :— "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत जनहितैषी सेवा कार्य आयोजित किए जाने के संबंध में।

संदर्भ :— इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, म.प्र. राज्य शाखा का पत्र दिनांक 07 / 09 / 2026।

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन कर "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत जनहितैषी सेवा कार्य आयोजित किए जाने के संबंध में प्राप्त दिशा–निर्देशा के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करे। संलग्न पत्र में प्राप्त निर्देशानुसार उपरोक्त कार्यवाही की जाना आपेक्षित है।

संलग्न :— संदर्भित पत्र।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2026 / 746 भोपाल, दिनांक 08 / 09 / 2026

प्रतिलिपि

01 माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव की ओर माननीय के अवलोकनार्थ।
02 कुलसचिव के निजसहायक की ओर सूचनार्थ।
03 पोर्टल पर प्रदर्शित करने हेतु समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

(डॉ. के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

# इंडियन रेडक्रास सोसायटी, म.प्र. राज्य शाखा
# Indian Red Cross Society

**M.P. STATE BRANCH**
**(Constituted under ACT XV OF 1920)**

Tel : 0755-2550441
e-mail : mpredcrossbhopal@gmail.com

रेडक्रास भवन, शिवाजी नगर, भोपाल
Red Cross Bhawan,
Shivaji Nagar,
Bhopal (M.P.) - 462 016

क्रमांक / आईआरसीएस / 2026 / 765.

भोपाल, दिनांक 07.09.2026

प्रति

(समस्त) कलेक्टर एवं अध्यक्ष
भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी,
जिला शाखा–मध्यप्रदेश

विषय :–"सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत जनहितैषी सेवा कार्य आयोजित किए जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि प्रतिवर्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा भारत सरकार के सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से संचालित अभियानों के अंतर्गत विभिन्न जनहितैषी सेवा कार्य आयोजित किए जाते हैं।

इसी क्रम में, इस वर्ष भी माननीय राज्यपाल महोदय के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक एक माह की अवधि के लिए "सेवा संकल्प अभियान" आयोजित किए जाने का निर्णय भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा लिया गया है।

उक्त एक माह तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न जनहितैषी एवं सेवा गतिविधियां आयोजित की जानी हैं, जिनमें प्रमुख रूप से रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान, नशामुक्ति, नुक्कड़ नाटक, वृक्षारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किये जावे।

अभियान के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण तिथियों पर विशेष सेवा एवं जनकल्याण गतिविधियां आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया जाए :–

17 सितंबर 2026 – माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस
02 अक्टूबर 2026 – राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती

उक्त दोनों अवसरों पर विशेष रूप से सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

इसके अतिरिक्त, अभियान के अंतर्गत "आंगन का उत्सव" कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना है। इसके तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं लाभार्थी माताओं को सम्मानित करने के साथ–साथ पोषण, मातृत्व स्वास्थ्य एवं मातृत्व कल्याण योजनाओं से संबंधित जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

आपकी जिला रेडक्रॉस शाखा तथा विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में युवक रेडक्रॉस एवं जूनियर रेडक्रॉस के अंतर्गत "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत विभिन्न सेवा एवं जनहितैषी कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

साथ ही, उक्त अभियान के अंतर्गत आयोजित किए गए सभी जनहितैषी सेवा कार्यों की संक्षिप्त प्रतिवेदन रिपोर्ट, कार्यक्रमवार विवरण एवं रंगीन फोटोग्राफ सहित इस कार्यालय को हार्ड कॉपी तथा ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि जिले में आयोजित सेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी को माननीय राज्यपाल महोदय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा सके।

निरंतर...2...

dr

इंडियन रेडक्रास सोसायटी, म.प्र. राज्य शाखा

# Indian Red Cross Society

M.P. STATE BRANCH
(Constituted under ACT XV OF 1920)

Tel : 0755-2550441
e-mail : mpredcrossbhopal@gmail.com

रेडक्रास भवन, शिवाजी नगर, भोपाल
Red Cross Bhawan,
Shivaji Nagar,
Bhopal (M.P.) - 462 016



अतः आपसे अनुरोध है कि ''सेवा संकल्प अभियान'' को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक जनहितैषी एवं सेवा गतिविधियां आयोजित किये जाने संबंधितों को निर्देश प्रेषित करने का कष्ट करें।

(रामेन्द्र सिंह)
जनरल सेक्रेटरी

पृष्ठांकन क्रमांक/आईआरसीएस/2026/766. भोपाल, दिनांक 07.09.2026.

प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, मंत्रालय, भोपाल।
2. राज्यपाल के प्रमुख सचिव, म.प्र. लोकभवन भोपाल, मध्यप्रदेश।
3. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
4. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश।
5. आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
6. आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
7. आयुक्त, तकनीकि एवं कौशल विकास, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
8. आयुक्त, कृषि, सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।
9. आयुक्त, पशु चिकित्सा सेवाएं, मध्यप्रदेश।
10. आयुक्त, आयुष मध्यप्रदेश ।
11. सचिव, ए.एफ.आर.सी., श्यामला हिल्स, भोपाल –कृपया सभी अशासकीय संस्थाओं को निर्देशित करने का सादर अनुरोध है।
12. सचिव, निजी विश्वविद्यालय आयोग, भोपाल– कृपया आपके क्षेत्राधिकार के सभी अशासकीय विश्वविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं को आवश्यक निर्देश जारी करने का सादर अनुरोध है।
13. (समस्त) कुलगुरू, शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
14. (समस्त) जिला शिक्षा अधिकारी–मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
15. (समस्त) सहायक आयुक्त
16. (समस्त) चेयरमैन/सचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा मध्यप्रदेश–की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
17. (समस्त) प्रवंध समिति सदस्य, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र. राज्य शाखा, भोपाल–(सह जिला प्रतिनिधि)।
18. पी.ए. चेयरमैन, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, म.प्र. राज्य शाखा, भोपाल।

जनरल सेक्रेटरी